हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 अमलीपदर में शनिदेव मंदिर का भव्य उद्घाटन एवं...


14 7 करोड़ की लागत से बना पुल अधूरा हजारों...






## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगें । केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 78801-68887, 83195-71812 पर संपर्क कर सकते हैं।

ADVT.


## खबर संक्षेप

### दो शवकों के साथ मादा भालू का जंगल में दिखा



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिवर्ज के बफर जोन एरिया नारीपानी जंगल में गुरुवार को दो शावक के साथ मादा भालू दिखाई दे रहे है। यह खुबसुरत तस्वीर 28 मई को कैमरे में कैद हुई है।

### राजिम में आज कवि सम्मेलन

**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय कवि एवं साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के उपाध्यक्ष नूतन साहू के संयोजन में आज 30 मई शुक्रवार को दोपहर 1 बजे साहू छात्रावास परिसर राजिम में कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप व विशिष्ट अतिथि व्यंग्यकार एवं कवि काशीपुरी कुंदन, समिति के संरक्षक डॉ. रामकुमार साहू, अध्यक्ष लाला साहू,जनपद सदस्य डॉक्टर दिलीप साहू एवं वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, कामेश्वर गोस्वामी, अरेंद्र पहाड़िया, विनोद गोयल होंगे। कवि सम्मेलन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय कवि नूतन साहू के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया है।इस सम्मेलन में साहित्यकारों कवि एवं स्थानीय कलाकारों का भी सम्मान किया जाएगा।

### पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम खोपली में अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस नेबताया कि मैं 28 मई को शिव शक्ति महिला समूह ग्राम खोपली द्वारा सूचना दी गई कि गांव के खेमराज घृतलहरे द्वारा अवैध शराब बिक्री करने घर में रखा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर शराब पीने वाले भाग निकली और मौके पर खेमराज घृतलहरे पिता हरप्रसाद घृतलहरे (34 वर्ष) खोपली के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने पथरला से मोहगांव मार्ग में नाला के पास आरोपी अमरनाथ श्रीवास पिता जुलुस कुमार श्रीवास (36 साल) पथरला के कब्जे से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गौरिया की एक महिला के साथ दामाद और उसके भाई ने मारपीट कर दी। सांकरा पुलिस को प्रार्थिया सुरेखा सिदार पति गिरधारी सिदार (40 साल) गौरिया ने बताया कि 28 मई की रात करीब 11 बजे उसका दामाद ललकार सिंह सिदार उर्फ लीटी ने पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज कर रहा था, इसी बीच उसके भाई करम चंद सिदार ने भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया।

**महासभा : ध्रुव गोंड़ समाज की महासभा में जय सेवा-जय जोहार से गूंजता रहा राजिम का मेला मैदान**

# शिक्षा आगे बढ़ने का सबसे बड़ा हथियार : रामविचार





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जिला स्तरीय आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के वार्षिक महासभा में गुरूवार की शाम राजिम पहुंचे प्रदेश के आदिवासी अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उपस्थित समाज के लोगों से साफ-साफ कहा कि हमारा समाज तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। हर क्षेत्र में विकास दिख रहा है। समाज के लोग पढ़ाई-लिखाई से लेकर रोजी- रोजगार में भी अपना अलग स्थान बना रहे है। आदिवासी समाज एक संगठित समाज है और सक्रिय भी। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि देश-प्रदेश में जितने भी उन्नतशील समाज है उनके बराबरी में भी हमारा समाज दिखना चाहिए लेकिन इसके लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। पढ़ाई-लिखाई में समाज के बच्चे अच्छी तरह से ध्यान दें। यदि समाज पिछड़ता है ,विकसित नही हो पाता है तो उसका सबसे बड़ा कारण शराब है। शराब से घर बर्बाद हो जाता है। मै समाज के लोगो से कहना चाहता हूं कि वे कुरीतियो को मिटाएं,आडंबर के खिलाफ संघर्ष करे और अपनी उन्नति के लिए आगे आए फिर उन्हें बढ़ने से कोई रोक नही सकता। कहा कि प्रगति कै से होगा यह सोचें। श्री नेताम ने अपनी बात बहुत ही रोचक अंदाज में कहा। अपनी भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि इतना बड़ा एकता यहां जो देखने को मिल रहा है वो कहीं नही दिखा। भगवान श्री राजीव लोचन की धरती में आया हूं इस पुण्य धरती की कृपा से हमारा समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होने राजिम विधायक रोहित साहू की मांग पर राजिम में बाजार हॉट के लिए डेड़ करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत किया। इसके अलावा पोस्ट मेटिक कन्या छात्रावास, छुरा में प्री मेटिक छात्रावास,आदिवासी समाज के भवन के लिए 30 लाख, जिला मुख्यालय गरियाबंद में आदिवासी भवन के लिए 50 लाख रूपए और राजिम विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य गांवो में 25 गांव के लिए 1 करोड़ 25 लाख रूपए की राशि स्वीकृत किया है। मतलब विधायक रोहित साहू ने बहुत ही सहजता के साथ जितनी मांगे मंत्री जी के समक्ष रखा उसे उन्होने सहर्ष स्वीकार करते हुए करोड़ो रूपए की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद आदिवासी समाज के लोगो सहित राजिम विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मंत्री रामविचार नेताम और विधायक रोहित साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आदिवासी समाज से लें सीख : रोहित

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि जुझारूपन, समर्पण और सद्भाव का सीख आदिवासी समाज से लें। कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज को जल,जंगल और जमीन से जुड़ा होने के लिए जाना जाता है जो पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। विधायक श्री साहू ने राज्य के सीएम विष्णुदेव साय की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर संकल्प को पूरा करने के लिए वे रात और दिन एक कर रहे है।

### क्षेत्र में है विविध समस्याएं : जनक

इस अवसर पर बिंद्रानवागढ़ के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र में समस्याएं बहुत अधिक है। गरीब,मजदूर ज्यादा है अतएव यहां भी ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रारंभ में समाज के प्रदेश अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि गरियाबंद जिले में छुरा,मैनपुर और गरियाबंद आदिवासी ब्लॉक है इसे 27 सर्किल में बांटा गया है। बिंद्रानवागढ़ को मिलाकर चार राज बनाया गया है। समाज के लोगो से उन्होने आग्रह करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। श्री ध्रुव ने कहा कि स्वाभिमान और सम्मान की बात जब आती है तो एकजुट नही हो पाते इस पर गौर करना है ,चिंतन करना है। मंत्री श्री नेताम से उन्होने कहा कि कोई समस्या या पीड़ा होगी तो आपसे मुलाकात जरूर करेंगे।

### आदिवासी समाज निश्चल समाज : रूपकुमारी

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि कोई भी समाज छोटा- बड़ा नही होता। कहा कि आदिवासी समाज एक निश्चल समाज है। हमारी पहचान को आदिवासी समाज ने बरकरार रखा है। हम सबके सहयोग से समाज को आगे बढ़ाएंगे।

### ये थे उपस्थित

मंच में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, कलेक्टर भगवान सिंह उइके राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर,मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ,जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ,संरक्षक प्रदेश एवं जिला आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नरसिंग मरकाम,पन्नालाल ध्रुव अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज,पुरन सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष आदिवासी गोंड़ समाज ,डागेश्वर ध्रुव अध्यक्ष राजिम राज,लाल सिंह मरई अध्यक्ष बिंद्रानवागढ़ राज,प्रहलाद सिंह ठाकुर छुरा राज,अशोक ध्रुव महासचिव गरियाबंद, डोमार सिंह ध्रुव राजिम, भानुप्रताप ध्रुव,संतुराम ध्रुव, गंगाराम नेताम,हेमलाल ध्रुव अध्यक्ष रायपुर राज, राधेश्याम मरई कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रदेश महासभा, बुद्धेश्वर ध्रुव महासचिव प्रदेश महासभा, राजकुमार नेताम कोषाध्यक्ष प्रदेश आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक,धर्मेंद्र ध्रुव युवा प्रकोष्ट, कल्याण सिंह ध्रुव, मंजू ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव, अशोक ध्रुव, तीजराम ध्रुव, मेघनाथ साहू,चंद्रिका साहू, राजू साहू, प्रहलाद गंधर्व, कमलेश ध्रुव, राज सचिव राजिम मौजूद थे। प्रारंभ में मंत्री रामविचार नेताम ने बुढ़ा देव का विधिविधानपूर्वक पूजा अर्चना कर आरती किया।

## तेंदुआ के अंगों की तस्करी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशन और वन्यजीव सुरक्षा को लेकर की जा रही सख्त निगरानी के तहत गरियाबंद वनमंडल में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से वन्यप्राणी तेंदुआ के अंगों की तस्करी का प्रयास विफल कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 11 मई 2025 को छुरा वन परिक्षेत्र के पेण्ड्रा परिसर के कक्ष क्रमांक पी-298 में सूचना मिली थी कि एक तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहाड़ के ऊपर तेंदुए का शव नहीं मिला, लेकिन मांस, बाल, त्वचा जैसे अवशेष और पूंछ का हिस्सा बरामद हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वन अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी धीरेन्द्र साहू एवं उनकी टीम ने सतत पतासाजी कर तीन आरोपियों को धर दबोचा जिसमें अशोक पिता चरण सिंह ग्राम सेहरापानी, छुरा बीरबल यादव पिता दयाराम ग्राम सेहरापानी, छुरा अशोक कमार पिता हीरू कमार ग्राम पण्डरीपानी, छुरा तीनों आरोपी तेंदुए के नाखून (3 नग), दांत 1 नग, और बाल 3 नग को बेचने की फिराक में थे और ग्राम कोचबाय के चौराहे पर पकड़े गए। इसके बाद 28 मई को अशोक कमार के घर पर छापा मारा गया, जहाँ विभिन्न वन्यप्राणियों के अवशेष जैसे पैर, मांस के टुकड़े, पंख और बाल आदि बरामद किए गए। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया ⏭ शेष पेज 13 पर

## जतमई मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत, 3 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका



साप्ताहिक बाजार होने के कारण गुरुवार को पांडुका बस स्टैंड एवं चारों धाम चौक सहित सभी मार्गों में भीड़ रहती है साथ ही जतमई मंदिर मार्ग में आसपास के गांव वाले लोग खरीदारी करने आते हैं। इस वजह से अधिक भीड़ रहती है। ग्राम तौरंगा निवासी राजेंद्रपुरी अपने मेहमान को लेकर पांडुका साप्ताहिक बाजार आ रहे थे। तो वही साप्ताहिक बाजार पांडुका से खरीदारी कर कुरूद निवासी टॉमेश्वर साहू घर जा रहे थे इसी बीच जतमई मार्ग में स्थित गुरुदेव हार्डवेयर के पास दोनों प्लेटीना गाड़ी आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें कुरूद निवासी को गंभीर चोटे ⏭ शेष पेज 13 पर

## बेमौसम बारिश से फसलें तबाह

**किसानों ने मांगा 15,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर




फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पसौद में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की ग्रीष्मकालीन फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी फसलें तेज आंधी और बारिश से गिर गईं, जिससे वे सड़ने की स्थिति में हैं। इससे आक्रोशित किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर 26 मई को समाधान शिविर बिजली में प्रदर्शन किया। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सभापति दिलीप साहू के नेतृत्व में सैकड़ों किसान मुआवजा राशि की तख्तियों के साथ शिविर में पहुंचे और राज्य सरकार से प्रति एकड़ कम से कम 15,000 हजार रुपए मुआवजा देने की मांग की। किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसे राजस्व मंत्री टेकलाल वर्मा और विधायक रोहित साहू को सौंपा गया। दिलीप साहू ने जानकारी दी कि ग्राम पसौद में 175 किसानों की फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिसकी जानकारी पटवारी द्वारा 25 मई को स्थल निरीक्षण में दर्ज की गई। किंतु अब तक पटवारी का प्रतिवेदन तहसील कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे किसान नाराज़ हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने तहसीलदार को आवेदन भी दिया था, लेकिन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। इस संबंध में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी राजिम विशाल ⏭ शेष पेज 13 पर

**हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित**

# दर्रीपारा शिविर में 4122 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद




सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को गरियाबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्रीपारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां दर्रीपारा सहित ग्राम आमदी-द, खुर्सीपार, खरता, कोसमी-द, रावनडिग्गी, जोबा, दशपुर, गुजरा, हाथबाय, बेंदकुरा के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने-अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। दर्रीपारा शिविर में 4122 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से सभी आवेदनों का संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शत प्रतिशत निराकरण किया गया। आज शिविर में 152 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका परीक्षण कर निराकरण किया जायेगा।

शिविर स्थल में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल ⏭ शेष पेज 13 पर

### कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने दें

शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्री संजय नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा नागरिकों के मांग एवं समस्याओं को यथा संभव निराकरण करने का प्रयास किया जाता है। इसे लेकर अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करते है। जिन समस्या एवं मांगों का निराकण नहीं हो पाता है उसे शासन स्तर पर किया जाता है। कुछ समस्याओं के निराकरण के लिए समय लगती है, लेकिन उसका भी निराकरण हो जाता है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने न दे। वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करे और नशे की हालत में वाहन न चलाए। उन्होंने नागरिकों को जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री जी.आर. मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान है। इसके लिए सर्वे में पात्र हितग्राहियों के लिए पक्का मकान बनाने के लिए राशि स्वीकृत की गई है। पात्र हितग्राही उस राशि से मकान बनाने का कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूरा करें। ताकि हितग्राहियों को पक्के आवास में रहने से सहुलियत होगी। इस दौरान एसडीएम ऋषा ठाकुर, जनपद सदस्य पंचराम ध्रुव, राकेश मुर्रा, गणेश राम ध्रुव, दर्रीपारा के सरपंच राजकुमार सोरी, नरेन्द्र ध्रुव, एकता सोम, हुमन बाई ध्रुव, शशि ध्रुव, फिरत राम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## राज्यपाल डेका ने गोद लिए तीन गांव, जिले का मड़वाडीह शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के तीन गांवों को गोद लेकर समावेशी और मानव केंद्रित विकास की दिशा में एक नई पहल की है। उन्होंने गरियाबंद जिले के मड़वाडीह, बेमेतरा के टेमरी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के सोनपुरी गांव को चुना है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति को सुदृढ़ बनाना है। राज्यपाल डेका द्वारा गोद लिए गए गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं को ज़मीन पर बेहतर क्रियान्वयन के लिए समर्पित प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान नहीं किया जाएगा, बल्कि मौजूदा योजनाओं की राशि और संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर दिया जाएगा।

■ समावेशी एवं मानव केंद्रित विकास की ओर एक नई पहल

इन गांवों में विशेष रूप से जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका, सामाजिक सुरक्षा, सतत कृषि, और संस्कृति के संरक्षण जैसे विषयों पर कार्य किया जाएगा। जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर, नरेगा व जल जीवन मिशन के माध्यम से निर्माण कार्य कराए जाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के ड्रॉपआउट रेट को कम करने, स्कूलों ⏭ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### जलभराव समस्या को लेकर उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** राधास्वामी नगर में गंदे पानी का जलभराव की समस्या को लेकर बुधवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राधास्वामी नगर जनविकास समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र त्रिपाठी सहित पूर्व पार्षद सरिता वर्मा ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि नाली निर्माण के स्थान परिवर्तन करने नगरीय प्रशासन विभाग को लिखे पत्र के संबध में शीघ्र प्रस्ताव स्वीकृत कराने का आग्रह किया। इसके अलावा अंतर्राज्यीय बसस्टैण्ड व टिकरापारा नाले का गंदा पानी दुधाधारी मठ के खेत से होकर राधास्वामी नगर में जाता है। सर्वोदय स्कूल से कॉलोनी वाली रोड में नाले का गंदा पानी ओवर फ्लो होने से आसपास के घरो में घुस जाता है जिसकी शिकायत वर्षों से कई बार जिलाधीश, नगर निगम आयुक्त से की है। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने भरोसा देते कहा कि इस समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### प्रमाणित व्हीलचेयर सेवा प्रशिक्षण से बदलेगा जीवन



**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट द्वारा मोटिवेशन इंडिया के सहयोग से डब्ल्यूएचओ व्हीलचेयर सेवा प्रावधान प्रशिक्षणः बेसिक स्तर का आयोजन 26 से 31 मई तक किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च-गुणवत्ता वाली व्हीलचेयर सेवा वितरण के स्थानीय क्षमता के अनुरूप निर्माण किया जा सके। इसके लिये शिक्षकों, प्रमुख सरकारी अधिकारियों और फिजियोथेरेपी छात्रों को एक प्लेटफॉर्म में लाने का प्रयास किया जा रहा है। व्यक्ति को जैसी व्हीलचेयर की आवश्यकता उसी के अनुरूप यह व्हीलचेयर तैयार कैसे करेंगे प्रशिक्षण में इस बारे में बताया जा रहा है। मोटिवेशन इंडिया की संयोजक सुरभि अग्रवाल ने बताया कि आकांक्षा लॉयन्स इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एण्ड एम्पावरमेंट विगत 31 वर्षों से बौद्दिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास हेतु सेवारत है। संस्था में लगभग 500 से अधिक बच्चों को स्पेशल स्कूल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर सफाई मित्रों का सम्मान



**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती केअवसर पर विविध आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जोन 8 कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी विशाखा तोपखाने वाले की उपस्थिति में देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवन प्रसंगों पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही जोन के 7 सफाई मित्र कर्मचारियों का सम्मान किया गया। साथ ही 11 महिला जन प्रतिनिधियों को मंच से सम्मानित होने का मौका मिला। कार्यक्रम वीर सावरकर नगर वार्ड पार्षद संदीप साहू, पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश, जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाघव, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा सहित जोन कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### हीरापुर जरवाय बड़ा नाला की सफाई

**रायपुर ।** नगर पालिक निगम जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीरापुर जरवाय क्षेत्र के बड़े नाले की नाला सफाई गैंग टीम लगाकर सुगम निकास प्रबंधन कार्य सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। नाला सफाई कार्य की मानिटरिंग स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर की जा रही है।

# ओडिशा का 'वेडिंग पार्सल गिफ्ट बम', आरोपी को डबल आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आरोपी ने रायपुर के कुरियर सर्विस से भेजा था पार्सल
- प्रिंसिपल से ईर्ष्या के कारण हत्या करने बनाई थी योजना





ओडिशा के चर्चित वेडिंग बम जिसका तार रायपुर से जुड़ा है, इस मामले को लेकर बलांगीर स्थित एक स्थानीय कोर्ट ने आरोपी को दोहरे आजीवन कारावास के साथ एक लाख 70 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने जिस आरोपी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है, उस आरोपी ने स्टेशन रोड स्थित एक कुरियर सर्विस से गिफ्ट के रूप में बम भेजा था, जिसे खोलने पर जबरदस्त विस्पोट हुआ और दूल्हा तथा उसकी दादी की मौत हो गई थी। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। कोर्ट ने पूंजीलाल मेहेर को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पूंजीलाल द्वारा पार्सल के माध्यम से भेजे गए बम से सॉफ्टवेयर इंजीनियर सौम्य शेखर साहू (26) तथा उसकी दादी जेमामणी मेहेर की मौत हुई थी। विस्फोट से सौम्य शेखर की पत्नी रीमा गंभीर रूप से घायल हुई थी।

बम विस्फोट की घटना बालंगीर पाटनगढ़ में 23 फरवरी 2018 को रिसेप्शन समारोह के दौरान हुई थी। अभियोजन पक्ष के वकील ने आरोपी को फांसी देने की कोर्ट से मांग की थी, जिसे कोर्ट ने रेयरेस्ट से रेयर केस मानने से इनकार करते हुए आरोपी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### ओडिशा पुलिस ने रायपुर में किया था खुलासा

पूंजीलाल मेहेर को ओडिशा पुलिस ने एक अज्ञात पत्र मिलने के बाद गिरफ्तार किया। पूंजीलाल ने फर्जी नाम किसी शर्मा के नाम से कुरियर बुक किया था। पैकेट की जांच करने पर ओडिशा पुलिस को रायपुर कुरियर कंपनी का पता मिला। इसके बाद ओड़िशा पुलिस पड़ताल करने रायपुर पहुंची थी। पकड़े जाने पर पूंजीलाल ने खुलासा किया कि वो इंटर कालेज में प्रिंसिपल था। उसकी जगह सौम्य शेखर की मां को कालेज का प्रिंसिपल बना दिया गया। इसी ईर्ष्या के चलते पूंजीलाल ने साजिश रची और रायपुर में फर्जी नाम से रहकर बम तैयार किया और गिफ्ट पैकेट बनाकर शादी समारोह में भेजकर विस्फोट कराया।

## 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की योजना भी अधूरी

# प्रस्तावित एल-2 ट्रामा की जगह बदलने पर विचार, मास्टर प्लान बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

गंभीर मरीजों के त्वरित उपचार के लिए प्रस्तावित एल-2 ट्रामा निर्माण की जगह बदलने पर एक बार फिर विचार किया जा रहा है। उसके निर्माण के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने आंबेडकर अस्पताल जाकर निरीक्षण के साथ योजना की जानकारी ली। वहां 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी बनाने की योजना है।

आंबेडकर अस्पताल में एल-2 ट्रामा बनाने की योजना काफी पुरानी है, मगर इस पर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। योजना तीन बार बनकर लटक चुकी है। अंतिम बार ट्रामा के प्रस्तावित भवन का विस्तार कर वहां 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी बनाने की योजना की वजह से काम अटक गया था। मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिखा राजपूत तिवारी ने योजना के बारे में जानकारी लेने के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।

सूत्रों के अनुसार पुरानी जगह पर निर्माण से अस्पताल की सुंदरता प्रभावित हो सकती है, इसके साथ ही निर्माण के लिए मास्टर प्लान की आवश्यकता है। ट्रामा निर्माण के लिए ब्लड बैंक की ओर प्रस्तावित गेट के समीप की जगह पर विचार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि वहां ट्रामा के साथ क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किये जाने से गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को आवश्यक जांच के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी, आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल मौजूद थे।



### कोविड ओपीडी और वार्ड का जायजा भी

कोविड को लेकर आंबेडकर अस्पताल में की गई तैयारियों का भी उन्होंने जायजा लिया। उन्होंने प्रथम तल पर बनाए गए ओपीडी कक्ष के साथ गंभीर मरीजों के लिए बनाए गए आईसोलेटेड वार्ड के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक लेकर कोविड के साथ सामान्य मरीजों के उपचार के लिए पूरी गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।

### दो साल से अटका हास्टल, जानकारी ली

मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने एमबीबीएस और इंटर्नशिप करने वाले छात्रों के लिए नया हास्टल का निर्माण काफी धीमी गति से हो रहा है। हास्टल भवन के प्रथम तल बनाने के बाद आगे का काम पिछले दो साल से अटका हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इसकी वजह से छात्रों को किराए के मकान में रहना पड़ रहा है। कालेज प्रबंधन अस्थायी व्यवस्था के तहत बड़े भवन की तलाश में जुटा हुआ है। दोनों अफसरों ने हास्टल के निर्माण कार्य के बारे में भी जानकारी ली।

# ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे ने किया भूमिपूजन
- ब्राम्हणपारा वार्ड के धोबीपारा, पंचपथ पारा, सोहागा मंदिर के पीछे वाले एरिया में पानी की समस्या

गर्मी निकलने के बाद भी ब्राम्हणपारा वार्ड के धोबीपारा सामुदायिक भवन के पास, पंचपथ पारा, सोहागा मंदिर के पीछे वाले क्षेत्र में पेयजल समस्या का नगर निगम तोड़ नहीं निकाल पाया है। अब इस समस्या का समाधान करने ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन का विस्तार कार्य किया जायेगा। जल विभाग के अधिकारियों द्वारा सारथी चौक, लाखेनगर चौक और लीली चौक में पाइप लाइन जांच करने गड्ढा खोदने के बाद भी पेयजल समस्या दूर नहीं होने पर ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन विस्तार की तैयारी है।

बुधवार को रायपुर दक्षिण क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे ने ईदगाह भाठा पानी टंकी से ब्राम्हणपारा वार्ड के सारथी चौक तक पाइप लाइन विस्तार कार्य का कुदाल चलाकर शुभारंभ किया। इस पर 38 लाख रुपये खर्च आयेगा। श्री सोनी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल ब्राम्हणपारा वार्ड में पाइप लाइन विस्तार का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करवाने के निर्देश दिये, ताकि वार्ड के रहवासियों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने बार-बार किये जाने वाले गड्ढों को लेकर अधिकारियों के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की। भूमिपूजन कार्यक्रम में जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, अमर गिदवानी, वार्ड पार्षद अजय साहू, पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, मंडल अध्यक्ष संतोष सोनी, विनय ओझा, जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, नगर निगम जल कार्य विभाग और जोन के अधिकारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# सेनेटरी अपशिष्ट के निपटान के प्रति जागरूकता लाने कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर महापौर ने रेड डॉट अभियान के पोस्टर का किया विमोचन
- प्रतिभागी लाल रंग की साड़ी और सूट पहनकर आईं

महात्मा गांधी सदन में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर रेड डॉट अभियान की शुरुआत हुई। महापौर मीनल चौबे ने इस अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर सेनेटरी अपशिष्ट के पृथक्करण के प्रति जागरूकता लाने कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी लाल रंग की साड़ी और सूट पहनकर पहुंचीं।

महापौर मीनल चौबे ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी जी देश के स्वच्छता अभियान के सारथी हैं। आज स्वच्छता संबंधी जागरूकता जन-जन तक पहुंच रही है। महापौर ने कहा कि एक दौर था जब महावारी के बारे में बात करने से हिचक होती थी, लेकिन आज स्वच्छ भारत अभियान में सेनेटरी अपशिष्ट के निपटान पर भी बात हो रही है। मीनल चौबे ने कार्यशाला में उपस्थित एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, अधिकारियों, विशेषज्ञों, स्वच्छता दीदियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं से अपील की है कि वे सेनेटरी पैड के निपटान की जागरूकता जन-जन तक पहुंचायें, ताकि रायपुर शहर को सफाई में अग्रणी बनाकर स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल स्थान पर लाया जा सके।

कार्यशाला में शामिल स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने कहा कि सेनेटरी अशिष्ट को सामान्य कचरे से अलग रखें। पीले रंग के बैग या विशेष डिब्बों में इसका संग्रहण किया जाए। जब हम मासिक धर्म स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन को गंभीरता से लेंगे, तभी हम स्वस्थ, स्वच्छ और जागरूक समाज की ओर बढ़ पाएंगे। कार्यशाला को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि महावारी कोई अशुद्धि नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक क्रिया है। कार्यशाला का संचालन नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने किया। इस अवसर एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, सुमन-अशोक पांडे, सरिता दुबे, पार्षद रामहिन कुर्रे, प्रमिला-बल्लाराम साहू उपस्थित रहीं।

# नगर एवं ग्राम निवेश का दफ्तर हुआ जर्जर, सफाई व्यवस्था भी ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर की जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान तैयार करने वाला नगर एवं ग्राम निवेश विभाग का कार्यालय ही जर्जर हो गया है। शास्त्री चौक के पास पुराना आरडीए बिल्डिंग में नगर एवं ग्राम निवेष विभाग का कार्यालय है। यह बिल्डिंग सालों पुरानी है, जिसके कारण जर्जर हो चुकी है।

पुरानी बिल्डिंग होने के कारण न ही इसका मेंटनेंस भी नहीं किया जा रहा है और न ही बिल्डिंग में नियमित सफाई की जा रही है, जिसके कारण बिल्डिंग की सीढ़ियों से लेकर परिसर में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। इसके कारण इस बिल्डिंग में आने-जाने वाले विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम लोगों को भी गंदगी और उससे उठने वाली दुर्गंध से परेशान होना पड़ता है।

### कार्यालय को शिफ्ट करने विभाग ढूंढ रहा खाली भवन

जर्जर हो चुकी बिल्डिंग को देखते हुए नगर एवं ग्राम निवेष विभाग के अधिकारी भी अब कार्यालय को दूसरे भवन में शिफ्ट कराना चाहते हैं। इसके लिए विभाग ने मुख्यालय को मांग पत्र भी भेजा है, जिसमें दूसरे भवन की मांग की गई है। बताया जा रहा है कि इस मांग पत्र को मंजूरी मिल चुकी है, जिसके बाद से विभाग कोई खाली पड़े ऐसा भवन तलाश कर रहा है, जहां कार्यालय को शिफ्ट किया जा सके।

# पांच मिनट के अंतराल में दो मोबाइल की लूट, बदमाशों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डीडी नगर इलाके रात की घटना, बदमाश फरार

डीडी नगर इलाके में पांच मिनट के भीतर बदमाश मोबाइल लूट की दो घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो गए। पहली घटना सेक्टर 1 और दूसरी रोहिणीपुरम में हुई। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है मगर उनके बारे में सुराग नहीं मिल पाया है।जानकारी के अनुसार टाटीबंध में रहने वाले ओमप्रकाश साहू अपने किसी काम से डीडी नगर सेक्टर 1 आए थे। सड़क किनारे वे अपने मोबाइल पर बात कर रहे थे इसी दौरान दुपहिया वाहन में सवार होककर पहुंचे बदमाश उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। 9.10 बजे हुई इस घटना के पांच मिनट बाद इसी तरह की लूट को केंद्रीय भू-जल सर्वेक्षण ऑफिस के समीप अंजाम दिया गया। लोकमान्य सोसायटी रोहिणीपुरम में रहने वाले वैदुर्य निगम रात्रि लगभग 9.15 बजे पैदल टहल रहे थे। भू जल सर्वेक्षण ऑफिस के सामने एक सफेद रंग की स्कूटर में आया लुटेरा उनके हाथों से मोबाइल छीनकर भाग खड़ा हुआ। बदमाश ने अपने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। प्रार्थी ने कुछ दूर दौड़ कर उसे पकड़ने की कोशिश की और उसकी पुकार पर चौपाटी के आस पास के लोगों ने भी रालास इंक्लेव तक उसका पीछा भी किया लेकिन बदमाश भागने में सफल हो गया। दोनों शिकायतों पर डीडी नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आशंका है कि दोनों घटनाओं को किसी एक ने अंजाम दिया है।

# नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें वार्ड क्रमांक 15 में मंगल भवन, समाज भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया गया। पिथौरा चौक में पाइपलाइन बिछाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। वार्ड क्रमांक 15 में मंडी तालाब के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया गया। वार्ड क्रमांक 12 में श्मशान घाट के उन्नयन कार्यों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता और ठेकेदार को कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बागबाहरा को स्वच्छ, सुंदर, और विकसित बनाना है। सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। नगर पालिका परिषद बागबाहरा नागरिकों के कल्याण और नगर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल नपाध्यक्ष सहित देवेश साहू उपाध्यक्ष, वार्ड क्रमांक 6 पार्षद रमेश ठाकुर, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद मिथुन आमिर, वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद अनीता अजित टांडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल बर्मन, उप अभियंता शशिप्रताप सिंह एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

# 1400 केंद्रों में 7 हजार 508 मीट्रिक टन धान का शार्टेज, 17 करोड़ का घाटा

- गरमी से धान सूखा और वजन हो गया कम
- घाटे का जिम्मा सोसाइटी प्रबंधकों के सिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उपार्जन केंद्रों के रिकार्ड के मिलान से ये तथ्य सामने आया है कि राज्य के करीब 1400 धान उपार्जन केंद्रों में 7 हजार 508 मीट्रिक टन धान का शार्टेज है। माना जा रहा है कि यह धान भीषण गर्मी की वजह से सूखने से वजन कम हो गया। सहकारिता क्षेत्र में इसे सूखत के नाम से जाना जाता है। अब शार्टेज धान की भरपाई उन सोसाइटी प्रबंधकों से करवाई जाएगी, जिनके उपार्जन केंद्रों में यह धान कम हुआ है।

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन के धान को लेकर लगातार आशंकाए सामने आ रहीं थीं कि गरमी की वजह से धान सूखने से वजन में कमी आएगी। हरिभूमि ने भी इस संबंध में अलग-अलग समय पर रिपोर्ट प्रकाशित की है। वजह साफ है, धान की खरीदी पिछले साल 14 नवंबर से शुरू हुई थी जो 31 जनवरी तक जारी रही। इसके बाद फरवरी, मार्च, अप्रैल से लेकर मई का महीन भी समाप्त होने का आया है, लेकिन राज्य के 33 में से 28 जिलों में धान का पूरा उठाव या परिवहन नहीं हो सका है, जबकि इस धान का परिवहन प्रशासन को 28 फरवरी तक कर लेना था। उपार्जन केंद्रों में अभी भी करीब 92 लाख मीट्रिक टन धान का जमाव मार्कफेड के रिकार्ड में दिख रहा है।

### अभी आधे केंद्रों का ही हुआ है मिलान

सहकारी क्षेत्र के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य में अब तक 1400 केंद्रों के धान के हिसाब का मिलान किया गया है। उसमें ही 7 हजार 508 मीट्रिक टन की कमी आई है। धान की कमी होने पर मार्कफेड सोसायटी प्रबंधकों से 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली कर रहा है। इस हिसाब से यह मामला 17 करोड़ रुपयों से अधिक के घाटे का है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि राज्य में कुल मिलाकर 2 हजार 739 सोसायटियां अपने हजारों उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदती है। लेकिन ये हिसाब पूरा नहीं हुआ है। अभी घाटे का आंकड़ा 1400 केंद्रों का है। जब सभी सोसायटियों के उपार्जन केंद्रों का मिलान होगा तो यह आंकड़ा एक बड़े घाटे का आकार लेगा यह तय है।



फाइल फोटो

### सोसाइटी प्रबंधकों के सिर घाटा

धान में सूखत का घाटा सोसाइटियों के प्रबंधकों के सिर जाना भी तय है। रायपुर जिले में ही दो दर्जन से अधिक सोसाइटियों में करोड़ो का शार्टेज है। प्रबंधकों को नोटिस मिला है, जिसमें शार्टेज धान की कीमत 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से देने या शार्टेज धान की मात्रा देने का कहा जा रहा है, वरना एफआईआर कराने की चेतावनी भी है। धान में शार्टेज के पीछे वजह ये है कि जब धान खरीदा जाता है, तो उसमें 17 प्रतिशत की नमी होती है। खरीदी के बाद धान उपार्जन केंद्रों में रखा जाता है, लेकिन महीनों तक उठाव नहीं होने के कारण धान सूखता है और उसका वजन कम होता है।

## खबर संक्षेप

### संविधान बचाओ रैली आज से

**गरियाबंद।** केंद्र सरकार द्वारा संविधान के उल्लंघन और दुरुपयोग के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन करने जा रही है। यह रैली 30 मई से 2 जून तक जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित होगी। रैली की शुरुआत 30 मई को दोपहर 2 बजे जिला मुख्यालय गरियाबंद में राजिम विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम से होगी। इसके बाद 1 जून को फिंगेश्वर में और 2 जून को मैनपुर में क्रमशः दोपहर 2 बजे से बिंद्रानवागढ़ विधानसभा स्तरीय रैली का आयोजन होगा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला एवं ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग, किसान कांग्रेस, सेवादल, आईटी सेल, एससी-एसटी विभाग, वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता, युवा साथी एवं समस्त फ्रंटल संगठन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला कांग्रेस के प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह ने जानकारी दी कि यह रैली कांग्रेस की राष्ट्रीय आह्वान के तहत संविधान की रक्षा के उद्देश्य से की जा रही है। मुख्य कार्यक्रम में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला, बिंद्रानवागढ़ विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जनक लाल ध्रुव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू की उपस्थिति रहेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### शिविर में 49 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच



**महासमुंद।** हमर स्वस्थ लइका शिविर, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और कुपोषण मुक्त भारत जैसे कार्यक्रमों की ज़मीनी क्रियान्वयन का प्रमाण है, जो यह दर्शाता है कि सरकार और साझेदार संस्थाएं मिलकर समुदाय स्तर पर बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश का हर बच्चा स्वस्थ, सुपोषित और सशक्त बन सके यही इस प्रयास का मूल उद्देश्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास, राज्य पोषण उत्कृष्ट केंद्र (एआईआईएमएस रायपुर) और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 27 मई को हमर स्वस्थ्य लइका (सीएमएएम समुदाय आधारित तीव्र कुपोषण प्रबंधन) शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रदेश में कुपोषण से प्रभावित बच्चों की पहचान और उपचार के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर में कुल 49 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों की टीम, जिसमें डॉ. कुणाल नायक बाल रोग विशेषज्ञ, जॉन वरूर अलेक्जेंडर राज्य पोषण समन्वयक और रिया मुखर्जी जिला पोषण समन्वयक शामिल थे, ने प्रत्येक बच्चे की चिकित्सकीय जांच कर आवश्यक दवाइयाँ, परामर्श और पोषण संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस आयोजन को सफल बनाने में सीडीपीओ जीआर नारंग, बीएमओ डॉ. एचएल जांगड़े, बीपीएम शीतल सिन्हा, ब्लॉक समन्वयक दीक्षा पटेल एवं खुशबू चेलक सहित फील्ड स्टाफ का योगदान रहा।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की श्वेता भगत विकासखंड समन्वयक बनीं

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकासखण्ड समन्वयक के रिक्त संविदा पद पर भर्ती के लिए कोरबा के जमनीपाली निवासी श्वेता भगत का चयन मेरिट क्रम के आधार पर किया गया है। सीईओ जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि संविदा नियुक्ति अधिकतम 3 साल के लिए होगी। नियुक्ति के दौरान एकमुश्त वेतन 39 हजार 875 रूपये दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति छ.ग.शासन के निर्देशानुसार छ.ग. सिविल सेवा, संविदा नियुक्ति के नियम के अधीन होगी। सीईओ ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी को 15 दिनों के भीतर जिला पंचायत में अपनी उपस्थिति देनी होगी। नियत तिथि के बाद उपस्थित होने पर संबंधित की नियुक्ति मान्य नहीं होगी और उनकी नियुक्ति खुद ब खुद निरस्त होगी।

---

**आयोजन : श्रद्धा-भक्ति से सराबोर रहा आयोजन**


# अमलीपदर में शनिदेव मंदिर का भव्य उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

श्री शनि जयंती एवं भूमि अमावस्या के पावन अवसर पर 26 से 28 मई तक अमलीपदर में श्री शनिदेव मंदिर का उद्घाटन और भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में क्षेत्रवासियों ने तन-मन-धन से बढ़-चढ़कर भाग लिया। 26 मई को माता दुर्गा मंदिर, अमलीपदर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और युवक-युवतियाँ सम्मिलित हुए। हरि संकीर्तन और गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में वास्तु पूजा, नवग्रह पूजा, सप्त मातृका पूजन, नवदुर्गा पूजन, कलश स्थापना, लिंगतो भद्र मंडल पूजा एवं षोडश मातृका पूजन सहित विविध वैदिक अनुष्ठान किए गए। विग्रहों को अन्नों से ढककर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत प्रतिष्ठित किया गया।



### शनि देव और हनुमान की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा



27 मई को भूमि अमावस्या एवं शनि जयंती के अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक पंडित युवराज पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री शनि देव, शनि शीला एवं हनुमान की मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर दूध, तेल और पंचामृत से अभिषेक किया गया।

### श्रद्धा, सेवा और सहभागिता का सुंदर संगम

इस विराट आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं, संकीर्तन मंडलियों, समाजसेवियों और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे एक ऐतिहासिक और धार्मिक उपलब्धि बताया।

### नाम संकीर्तन और भव्य भंडारे से समापन

प्राण प्रतिष्ठा के बाद धनोरा, सरनाबहाल, गोलामाल, तेतलखुटी, अमलीपदर सहित विभिन्न गांवों से आई संकीर्तन मंडलियों ने महामंत्र जाप एवं भजन संध्या से वातावरण को भक्तिरस में डुबो दिया। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें अमलीपदर और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री शनि मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित षणकांत त्रिपाठी ने बताया कि यह मंदिर मैनपुर और देवभोग ब्लॉक क्षेत्र में प्रथम भव्य श्री शनि देव मंदिर है। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना की जाएगी तथा प्रत्येक शनिवार को विशेष पूजा का आयोजन होगा।

---

# 4 वर्षों से पैर की चोट से जूझ रहे तेजराम, मदद की आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम सारागांव निवासी तेजराम दीवान 30 वर्षीय का है बीते चार वर्षों से गंभीर पैर की चोट से जूझ रहे हैं।डॉक्टरों के अनुसार,उनके पैर में मोमेंट रॉड लगाने का ऑपरेशन आवश्यक है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 2 लाख रुपए बताई गई है। आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने के कारण तेजराम अब तक इस महंगे इलाज के लिए असहाय बने हुए हैं। तेजराम और उनके परिवार ने रायपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) सहित कई अस्पतालों में इलाज के लिए प्रयास किए,लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि जो रॉड लगना है, वह आयुष्मान योजना के अंतर्गत नहीं आता और इसके लिए राशि खुद वहन करनी होगी। इससे आयुष्मान भारत योजना की सीमाएं और व्यावहारिक कठिनाइयाँ स्पष्ट होती हैं। तेजराम की वृद्ध माता ललिता बाई कंवर ने बताया कि अब तक लगभग डेढ़ लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। घर की आर्थिक स्थिति दयनीय है,न बेटा काम कर पा रहा है और न ही परिवार में कोई अन्य सहारा है।



इस दुखद स्थिति की जानकारी मिलते ही जिले के समाजसेवी एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक सदस्य मनोज पटेल तेजराम से मुलाकात करने उनके घर पहुंचे। उन्होंने परिवार की दशा को नजदीक से देखा और स्थिति पर चिंता जताई। पटेल ने राज्य के मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य मंत्री एवं गरियाबंद कलेक्टर से अपील करते हुए कहा कि यदि आयुष्मान भारत योजना में जीवनरक्षक सर्जरी भी कवर नहीं हो रही,तो यह योजना गरीबों के लिए केवल एक दिखावा बनकर रह गई है। सरकार को चाहिए कि ऐसी सभी आवश्यक चिकित्सा प्रक्रियाओं को इस योजना में शामिल करे। साथ ही तेजराम जैसे आदिवासी युवाओं को विशेष सहायता प्रदान कर तत्काल इलाज सुनिश्चित करें। यह मामला न केवल एक पीड़ित व्यक्ति की चिकित्सा का है, बल्कि यह देश की स्वास्थ्य योजनाओं की जमीनी सच्चाई को भी उजागर करता है।

---

# जामुन की पैदावार में इजाफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

इन दिनों मैनपुर क्षेत्र में जामुन मौसमी फल की बहार छाई हुई है। बड़ी संख्या में जामुन के वृक्ष इस क्षेत्र में है खाने में काफी स्वादिष्ट होने के साथ इसके कई औषधिय गुण भी है। जामुन अम्लीय प्रकुति का फल है पर यह स्वाद में मिठा होता है जामुन में भरपुर मात्र में ग्लूकोज और फ्रुक्टोज पाया जाता है मैनपुर क्षेत्र कें जंगलों में इन दिनों जामुन का फल पक कर तैयार हो चुका है और लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से लेकर वनांचल क्षेत्रे में भारी संख्या में जामुन का वृक्ष है और जामुन के वृक्ष में काले नारंगी रंग के जामुन लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रह हैं गर्मी छुट्टी होने के कारण सुबह से देर शाम तक बच्चों की भींड जामुन पेड के आसपास इन दिनों लगा रहता है, बच्चे आसानी से जामुन तोड़कर इसका मजा ले रहे हैं वनांचल क्षेत्र में सभी प्रकार के वनोपज और मौसमी वनोपज का उत्पादन के चलते लोगो में भारी उत्साह देखने को मिलता है, जामुन को स्वास्थ्य के दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण और फायदामंद बताया जाता है जामुन को पकने के बाद जहां इसके फल के उपरी हिस्सा को खाया जाता है वही इसके गुठली को भी धुप में सखाकर बाद में इसका पाउडर बनाकर अनेक रोगों के उपचार में उपयोग किया जाता है मई जून और जुलाई में जामुन का भरपूर पैदावार इस क्षेत्र में देखने को मिलता है।

---

# गांवों में अवैध शराब बिक्री पर प्रशासन की नजर नहीं, बढ़ती जा रही अपराध की घटनाएं : रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि जिले के बसना थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को हिला दिया है। घटना भंवरपुर चौकी अंतर्गत की है। महेश यादव ने गांव में शराब बेच रहे परिवार से शराब बिक्री बंद करने की गुजारिश की थी। यह बात शराब माफियाओं को इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने महेश यादव पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शराब बेचने वाले परिवार के कई सदस्य एक साथ बुजुर्ग पर टूट पड़े और उसे इतनी बेरहमी से पीटा कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गांवों में अवैध शराब बिक्री पर प्रशासन की नजर नहीं है? क्या जिन परिवारों का जीवन शराब ने निगल लिया है, उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं? और क्या अब कोई भी व्यक्ति समाज के लिए बोलने से पहले सौ बार सोचेगा? इससे यह साबित होता है की भाजपा सरकार शराब बिक्री को बढ़ावा दे रही है। सरकार और प्रशासन के संरक्षण में हो रही है शराब बिक्री, इसलिए इस प्रकार की घटना हुई है। प्रतिदिन खबर आ रही है कि ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर, आबकारी जिला अधिकारी को शिकायत कर रहे, लेकिन कार्रवाई शून्य है। क्योंकि, शराब माफिया को खुला सरक्षण दिया जा रहा है।



---

# योग, भारत की प्राचीन धरोहर विश्व को मिला अमूल्य उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

समर कैम्प के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में गुरुवार को मेहंदी लगाओ, योग शिक्षा एवं पारम्परिक व्यंजन जैसे खुरमी, ठेठरी, गुजिया, बिड़िया, चौसेला, चीला, फरा एवं विभिन्न फल व सब्जियों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि योग शरीर, मन एवं आत्मा को एकीकृत करता है। योग एक प्राचीन,शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी। उन्होंने आगे योग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है।यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है।जीवन में निरोग रहने के लिए योग सशक्त माध्यम है।अतः योग हमें जीवन जीने की कला सिखाती है।व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू ने योग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने से शरीर स्वस्थ और निरोग रहता है.योग अस्थमा,मधुमेह का इलाज करते हुए बेहतर पाचन तंत्र प्रदान करता है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं स्वीपर यशवंत साहू उपस्थित थे।






---

# मलेवा अंचल में भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

भारतीय जनता पार्टी मलेवा अंचल के कार्यकर्ताओं द्वारा सैनिको के सम्मान में तिरंगा यात्रा ग्राम रसेला में गुरुवार को निकालीं गई। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा का नेतृत्व मलेवा अंचल के मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने किया। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाये। यह यात्रा सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए आयोजित की गई थी। यह यात्रा बस स्टैंड से होते हुए सप्ताहिक बाजार से गांव के गलियों में भ्रमण करते हुए बस स्टैंड में संपन्न हुआ। पहलगाम हमले में निर्दोष पर्यटको को मारने वाले आतंकियों का खात्मा करके भारतीय सेना ने पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ाया है। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि भारत विरोधी ताकतों का मुकाबला करने के लिए हमें अपने संस्कारों की रक्षा करनी होगी और देश में व्याप्त बुराइयों को मिटाने के लिए एकजुट होना होगा। कार्यक्रम के प्रभारी ईश्वर वर्मा, नारायण सिन्हा, कृष्णा गुप्ता, भूवेन्द्र मरकाम, देवेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा इस अभियान के जरिए जनता को यह बताएंगी कि आपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने कैसे अपने नागरिकों को संकट से सुरक्षित निकाला और राष्ट्रीय स्वाभिमान को मजबूत किया। इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का उद्देश्य हाल ही में सफल रहे आपरेशन सिंदूर की उपलब्धियां को हर नागरिक तक पहुंचाना है। इस दौरान उपाध्यक्ष मोती कंवर, टंकेश्वर सोरी, रोहित प्रधान, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्याम लाल सोरी, थानेश्वर कंवर, संतराम ठाकुर, दीपेश दीवान, भीखम मरकाम, हेमलता ध्रुव, रामेश्वर दीवान टिकेश्वरी कोमर्रा, पूजा चौहान, रेवती ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, भागी राजपूत, हीरा नेताम, हीरालाल प्रजापति, मनहरण नेताम, संतराम, टीकम नागेश, जगदीश यादव, समारू सोरी, कनस निषाद, कुशल ध्रुव, रामेश्वर सोरी, जगदेव, हीरालाल टेकाम, भिखम साहू सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### राजिम में निकली तिरंगा यात्रा



**राजिम।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गुरुवार को राजिम मुख्यालय में विशाल और भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा मंडल राजिम के तत्वाधान में निकली इस यात्रा में विशेष रूप से राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव शामिल हुए। यात्रा पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से प्रारंभ होकर महामाया मंदिर, गायत्री मंदिर चौक से होते हुए नगर पंचायत सांस्कृतिक भवन में समापन हुआ। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगे। इस अवसर पर भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को समर्पित है। हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुस आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के निर्णायक कार्यवाही ने पूरी दुनिया को भारत की क्षमता का अहसास करा दिया है कि अब भारत सिर्फ निंदा नहीं करता बल्कि आंख में आंख डालकर आतंकवाद का खात्मा करने में सक्षम है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, आशीष शिंदे, कमल सिन्हा, मनोज देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष कमल नारायण देवांगन, शकुन साहू, नारायण साहू, भारत सिन्हा, मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, नपा सभापति आकाश राजपूत, भारत यादव,कुलेश्वर साहू, मंडल मंत्री राजेश परमार, मीना ध्रुव, मीडिया प्रभारी युवराज साहू, राधेश्याम सोनी, उत्तम निषाद,लीकमचंद साहू, लिकेश्वर साहू, लेखराम ध्रुव, ललित साहू, मदन साहू, नेतराम ध्रुव, रोमन बंजारे, हरक साहू, देवचंद साहू, नरेंद्र निषाद, गणेश राम, विश्वकर्मा नीलकंठ साहू, लीलाराम साहू, प्रेम साहू, ईश्वर पाल, सुरेश यादव, परमेश्वर विश्वकर्मा शामिल थे।

---

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षक की मौत, मुआवजा की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया ने एक और शिक्षक की जान ले ली है। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने आदिवासी शिक्षक पुष्कर ध्रुव की मृत्यु के लिए युक्तियुक्तकरण की नीति को जिम्मेदार ठहराते हुए 50 लाख रुपये मुआवजा और इस प्रक्रिया को तत्काल स्थगित करने की मांग की है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि स्व. पुष्कर ध्रुव को 2014 में अतिशेष घोषित कर देवभोग विकासखंड के सीनापाली स्कूल में पदस्थ किया गया था। इसके बाद 2022 में उन्हें पुनः स्थानांतरित कर रविनगर, फिंगेश्वर भेजा गया। वर्ष 2025 में एक बार फिर उन्हें अतिशेष बताते हुए युक्तियुक्तकरण की सूची में शामिल कर दिया गया, जिससे वे मानसिक रूप से अत्यंत परेशान हो गए थे। बताया गया कि उन्होंने न्यायालय में चुनौती देने की इच्छा जताई थी, लेकिन न्यायालय बंद होने और आर्थिक तंगी के चलते वे ऐसा नहीं कर सके। शिक्षक पुष्कर ध्रुव की असामयिक हृदयाघात से मृत्यु के बाद जिले के शिक्षकों में आक्रोश की लहर फैल गई है। संघ का कहना है कि गरियाबंद जिले में 10 से 15 ऐसे सहायक शिक्षक हैं जिन्हें बार-बार अतिशेष घोषित कर युक्तियुक्तकरण के तहत इधर-उधर किया जा रहा है। पुष्कर ध्रुव उन्हीं में से एक थे। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डोमार सिन्हा, नंद कुमार सिन्हा और जिलाध्यक्ष मंगलमूर्ति सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त संचालक, स्कूल शिक्षा संचालनालय स्व. पुष्कर ध्रुव के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। बार-बार युक्तियुक्तकरण की जद में आने वाले 15-16 सहायक शिक्षकों को इससे स्थाई रूप से मुक्त किया जाए। युक्तियुक्तकरण की पूरी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। संघ का कहना है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

---

## पेज 11 के शेष...

### तेंदुआ के अंगों की...

गया है। मामले की विवेचना जारी है। इस सफलता में प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव, वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, उप निदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व वरुण जैन, उप वनमंडलाधिकारी विकास चंद्राकर के दिशा-निर्देशों के साथ-साथ वन परिक्षेत्र अधिकारी धीरेन्द्र साहू, नदीम बरिहा और स्टाफ सदस्यों लोकेश्वर सिंह चौहान, कमल नेताम, कृष्ण कुमार साहू, शिवलाल यादव, छमेश्वर साहू, देवराम साहू, यादराम सिन्हा, पुरुषोत्तम ध्रुवा, तुलसी ध्रुव, रामध्वज मौर्य तथा परसुली, पाण्डुका और दैनिक वेतन भोगी स्टाफ की भूमिका उल्लेखनीय रही।

### जतमई मार्ग पर...

लगी साथ ही राजेंद्रपुरी और उसके मेहमान को फिर गंभीर चोट आई है दुर्घटना के बाद आसपास के दुकान वालों ने सहायता करते हुए मानवता दिखाएं और खून निकल रहा शरीर के अंगों में पट्टी बांधे पानी पिलाई इसके बाद 108 को राहगीरों ने फोन किया पर संपर्क नहीं हो पाया। अंततः थाना पांडुका टीआई को घटना की जानकारी दी गई। तत्काल पीसीआर के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को पांडुका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहा सभी घायलों का प्राथमिक इलाज जारी है।

### बेमौसम बारिश...

महाराणा को कई बार जानकारी दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिविर में उपस्थित पूर्व सांसद एवं राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय और वर्तमान विधायक रोहित साहू ने मंच से सरकार से आग्रह किया कि वह किसानों की समस्या को गंभीरता से ले और सहानुभूति पूर्वक समाधान निकाले। **प्रभावित किसान**- मंशा भगत, इतवारी, श्यामलाल, होरीलाल, बगसराम, योगेश पटेल, संतराम, गोविंद, केजा, नरेश, तेजराम, विष्णुराम, दीपक साहू, अंतराम, घनश्याम, कुंतराम, देवराम निषाद, जोहन, गज्जू, गणेशराम, सिंगल राम साहू, बुद्धुराम सहित कई किसान इस नुकसान से पीड़ित हैं। यदि जल्द ही मुआवजे की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई तो किसान आगे की रणनीति तय कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### दर्रीपारा शिविर में...

का निरीक्षण कर कृषि विभाग द्वारा तीन किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया। इसी प्रकार राजस्व विभाग द्वारा भू-स्वामित्व योजना के तहत 7 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण किया एवं एक किसान को ऋण पुस्तिका प्रदान कर लाभान्वित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं दो बच्चों का अन्नप्रसान्न किया गया। दर्रीपारा शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई गई।

### राज्यपाल डेका ने...

की दशा सुधारने और पुस्तकालयों को सशक्त बनाने के प्रयास होंगे।

**उद्यमिता को दिया जाएगा बढ़ावा**- स्वास्थ्य व पोषण के लिए टीबी उन्मूलन, स्वच्छता अभियान और आंगनबाड़ी सेवाओं को सशक्त किया जाएगा। वहीं ग्रामीण आजीविका के लिए स्व-सहायता समूह, कौशल प्रशिक्षण और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि क्षेत्र में जैविक और पारंपरिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना को सक्रिय रूप से लागू किया जाएगा। गांवों की प्रगति पर नियमित निगरानी भी की जाएगी, जिसमें भूजल स्तर, हरित आवरण में वृद्धि, और स्कूली बच्चों की उपस्थिति जैसे मापने योग्य संकेतकों का मूल्यांकन किया जाएगा। **योजनाओं की स्थिति का कर रहे मूल्यांकन**- उल्लेखनीय है कि गत वर्ष दिल्ली में हुए राज्यपाल सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में यह निर्णय लिया गया है। राज्यपाल श्री डेका इन गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने की दिशा में लगातार जिलों का दौरा कर रहे हैं और योजनाओं की स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं।

---

### विकसित कृषि संकल्प यात्रा, विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**महासमुंद।** विकसित कृषि संकल्प यात्रा का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। इस दौरान उन्होंने सुबह 10:30 बजे दो किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप मौजूद थे। यह रथ निर्धारित शिविरों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी। जिले में प्रतिदिन 3 रथ भ्रमण करेगी। इस रथ में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा दृश्य एवं श्रव्य सामग्री का उपयोग किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### धान के समर्थन मूल्य में केवल 69 रुपए वृद्धि, ऊंट के मुंह में जीरा : धनेंद्र साहू

**नवापारा-राजिम।** केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसल के समर्थन मूल्य की घोषणा किए जाने के बाद पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर किसान खरीफ में धान फसल लगाते है। धान की फसल के समर्थन मूल्य में



69 रुपए की वृद्धि ऊंट के मुंह में जीरा जैसे है। कहा कि जहां एक ओर भाजपा की सरकार किसानों के हित की बात करती है, किसानों को न्याय दिलाने को बात करती है, किसानों के आय को दुगुना करने की बात करती है, यह सब केवल दिखावा है। किसानों के साथ छल है। चूंकि फसल के उत्पादन में लागत बढ़ गई है, किसानों को फसल उत्पादन में खर्च काफी ज्यादा आ रही है, वर्तमान में राज्य शासन द्वारा खरीफ फसल धान का मूल्य 3100 प्रतिक्विंटल मिल रहा है, ऐसे में अब केंद्र शासन को चाहिए कि किसानों को धान का एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रतिक्विंटल से कम न करके 3500 प्रतिक्विंटल किया जाना चाहिए। धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपए में 69 रुपए की बढ़ोतरी किसानों के साथ अन्याय है। केंद्र शासन द्वारा 14 खरीफ फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य को घोषणा की है। जिसमें धान का समर्थन मूल्य में सबसे कम 69 रुपए को बढ़ोतरी हुई है। जो छत्तीसगढ़ के धान उत्पादक किसानों के लिए जले में नमक जैसा है। केंद्र ने छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए निराश करने वाला निर्णय लिया है।

### भाजपा सरकार में ही संभव है सुशासन : तुलसी राठौर

**मैनपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता तुलस राठौर ने कहा की भाजपा के विष्णुदेव सरकार में ही सुशासन संभव है ये पहली सरकार है जो



जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर समस्याओं का समाधान कर रही है। आज गांव - गांव तक जिला स्तर के अधिकारी पहुंच रहे हैं और शिविर में समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। समस्या समाधान शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। भाजपा सरकार अपने कार्यकाल के दौरान ऐसी कार्यक्रम चलाती है जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाना है। श्री राठौर ने कहा की छत्तीसढ़ के विष्णुदेव सरकार की योजनाओं से आज अंतिम व्यक्ति तक को लाभ मिल रहा है।

### स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बागबाहरा।** कोमाखान वार्ड नंबर 13 में असूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट सौजन्य से स्किल इंडिया के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण, टैली प्रशिक्षण, केक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवती व महिलाएं लाभ ले रहे हैं।

**समस्या : जर्जर रपटा के ऊपर बड़े- बड़े गड्ढे होन से राहगीर आए दुर्घटना के हो रहे हैं शिकार**

# 7 करोड़ की लागत से बना पुल अधूरा हजारों ग्रामीणों की जान जोखिम में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

खास खबर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत अमलीपदर में सुखा तेल नदी पर 07 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से लगभग 03 वर्ष पहले पुल निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ जो अधुरा छोड़ दिया गया है आने वाले डेढ़ माह बाद बारिश में इस पुल निर्माण नहीं होने के कारण लगभग 80-90 पारा टोला गांव के हजारों लोगों का आवगमन बुरी तरह प्रभावित होगा तो वहीं स्कूली छात्र- छात्राओं को स्कूल जान जोखिम में डालकर आना जाना करना पड़ेगा। क्षेत्र के लोगों के काफी संघर्ष के बाद पुल निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था लेकिन निर्माण कार्य अब रूक गया है और अधुरा छोड़ दिया गया है जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और पुल निर्माण को लेकर ग्रामीण उग्र आन्दोलन की रणनीति बना रहे है। चक्काजाम, भुख हड़ताल करने की तैयारी किया जा रहा है जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी ऐसा इस क्षेत्र के लोगों का कहना है। अमलीपदर धुरवागुड़ी मुख्य मार्ग सूखा नदी में ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद 705.41 लाख रूपए के पुल निर्माण की स्वीकृति 31.03.2021 को मिला था जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया इस पुल की लंबाई 150.00 मीटर एवं चौड़ाई 8.400 मीटर का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग द्वारा प्रारंभ किया गया एक वर्ष तक निर्माण कार्य ठीक ठाक चला और दो पिल्हर भी खड़ा किया जा चुका है लेकिन इसके बाद से निर्माण कार्य धीमा हो गया और पिछले दो वर्ष से पुल निर्माण कार्य पूरी तरह बंद है इस पुल निर्माण स्थल में पुराना जर्जर रपटा के उपर पानी भरा हुआ है और रपटा में बड़े- बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं प्रतिदिन हजारों लोग इस जर्जर रपटा को पारकर आना-जाना करने मजबूर हो रहे हैं। कई बार यहां दुर्घटना हो चुकी है और तो और यहां के पूर्व सरपंच और ग्रामीणों के द्वारा पुल निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल तक किया जा चुका है तब संबंधित विभाग के अफसरों ने जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन निर्माण कार्य पूरी तरह ब्रेक लग गया है जिसके चलते इस क्षेत्र के हजारों लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है जबकि इस पुल को पारकर जिले के आला अफसर व विधायक व जनप्रतिनिधि क्षेत्र के दौरे पर पहुंचते रहते हैं बावजूद इसके पुल का निर्माण अबतक प्रारंभ नहीं हो पाया है। पूर्व सरपंच सेवन पुजारी ने बताया कुछ माह पहले उनके द्वारा हड़ताल किया गया था तब पुल निर्माण के आ"वासन के बाद उन्होने अपना हड़ताल वापस लिया था लेकिन अबतक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया।







### पढ़ाई और जिन्दगी दोनों दाव पर

सुखा नदी में पुल निर्माण नही होने के कारण डेढ़ माह बाद इस नदी में पानी की बाढ़ को पार कर स्कूली छात्र छात्रए जहां जान जोखिम में डालकर स्कूल पढ़ाई करने जाने मजबूर होगें वहीं ग्रामीण प्रतिदिन कई हादसो को पार कर इस नदी को पार कर रहे है पुल निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग सेतु निगम को दी गई थी शुरूआती दिनो में कुछ दिन काम चला उसके बाद से काम बंद है पिछले डेढ़ दो साल से पुल निर्माण कार्य अधुरा छोड़ देने से ग्रामीणों का गुस्सा अन्दर ही अन्दर उबल रहा है और किसी दिन यह आन्दोलन के रूप में सामने आयेगा कहा नही जा सकता। क्षेत्र के सरपंच हेमोबाई पूर्व सरपंच सेवन पुजारी, जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर, कांग्रेस नेता श्रवण सतपथी, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज मांझी, जनपद सदस्य ललिता यादव, संजय दुबे,, जीवन यादव, अनुराग वाघे, बंशीलाल साहू, संतोश पटेल, दामोदर साहू व क्षेत्र के लोगो ने बताया पुल निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा छोड़ दिया गया है और जर्जर रपटा मे बड़े बड़े गड्डे हो गये है जहां जान जोखिम मे डालकर ग्रामीण आना जाना करने मजबूर हो रहे है जल्द पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होना चाहिए जिससे इस क्षेत्र के लोगो को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके।

### क्षेत्र के लोग अब आंदोलन करने होंगे मजबूर : जनपद सभापति

मैनपुर अमलीपदर सूखा नाला पर 2020 में 7 करोड़ से अधिक की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी तो मिल गई पर विभागीय उदासीनता के चलते आज भी इस क्षेत्र के लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। निर्माण काम को लेकर विधायक, सांसद और शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहे हैं कभी भी क्षेत्र की जनता आन्दोलन कर सकते है। युवा नेता पंकज मांझी ने कहा पुल निर्माण को लेकर लम्बे आन्दोलन के बाद करोड़ों रूपए स्वीकृत हुआ। निर्माण कार्य अचानक बंद कर दिए बारिश में फिर जान जोखिम में डालकर ग्रामीण आना -जाना करने मजबूर होंगे यदि कोई घटना घटती है तो इसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होंगे। पुल निर्माण जल्द प्रारंभ करना चाहिए नहीं तो क्षेत्र की जनता आंदोलन करने मजबूर होगी। ग्राम पंचायत अमलीपदर के सरपंच होमो बाई ने कहा की पुल निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जाए। पुल निर्माण नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होने कहा की पुल निर्माण को लेकर क्षेत्र की जनता आन्दोलन की तैयारी कर रहे हैं।

## अमलीपदर अस्पताल पहुंचे विधायक स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव गुरूवार को मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अमलीपदर अस्पताल में पहुंचकर जहां निरीक्षण कर मरीजों और ग्रामीणों से चर्चा किया। सभी वार्डों का निरीक्षण कर चिकित्सा सुविधा की जानकारी लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया की यहां कुल 9 डॉक्टरों के पद स्वीकृत है जिसमें सिर्फ एक डॉक्टर ही पदस्थ है। ग्रामीणों ने प्रर्याप्त डॉक्टर व्यवस्था के साथ पर्याप्त स्टॉफ की व्यवस्था करने की मांग विधायक से किया है साथ ही यहां सीसी टीवी कैमरा लगाने की भी मांग किया है। जनरेटर नहीं होने के कारण इलाज करने में रात के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनरेटर लगाने के साथ ही प्रसव केन्द्र में एसी लगाने की मांग किया है। अस्पताल में पर्याप्त गद्दा चादर, पलंग भी नही है और तो और 102 एम्बुलेंस की मांग किया गया है विधायक जनक ध्रुव ने अस्पताल का निरीक्षण कर जल्द ही मामले से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराकर समस्या समाधान करने की बात कही है इस दौरान जीवन दीप समिति की बैठक में विधायक जनक ध्रुव शामिल हुए जहां अस्पताल में मूलभुत सुविधाए उलब्ध कराने चर्चा किया गया इस मौके पर इस मौके पर बैठक में जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंद कुमारी राजपूत, सरपंच होमो बाई नागेश, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ललिता यादव, कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, पंकज मांझी, दामु सोरी, गजेन्द्र सिन्हा, बालु नागेश, निर्भय सिंह ठाकुर, बीएमओ डॉ गजेन्द्र ध्रुव, तहसीलदार श्री भोई, बीपीएम गणेश सोनी, डॉक्टर भरतद्वाज एवं स्थानीय वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।



### किसानों की शिकायत पर विधायक पहुंचे तहसील कार्यालय

देवभोग अमलीपदर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे विधायक जनक ध्रुव को ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व मामला का निराकरण के लिए उन्हे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिस पर विधायक जनक ध्रुव ने तत्काल तहसील कार्यालय अमलीपदर पहुंचकर तहसीलदार को निर्देश दिया है कि किसानो को कोई परेशानी न हो और उनका काम सरलता से हो जाय। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## हिराबतर के किसानों ने शुरू की खरीफ फसल की बुआई, अन्य तैयारी में जुटे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला**

क्षेत्र में नवतपा के दौरान या उसके पहले हुई बारिश के साथ ही क्षेत्र के किसान खरीफ सीजन की खेती किसानी की तैयारी में लग गए हैं। किसानों ने खाद और बीज की व्यवस्था कर रहे हैं। इसी कड़ी में हिराबत्तर के किसान नारायण साहू ने 6 एकड़ खेत में खरीफ फसल की बुआई कर दी गई है। अन्य किसानों ने अपने खेतों की अकरस जुताई भी शुरू हो गई है। किसानों का कहना है कि 15 जून के बाद मौसम को देखकर धान बुआई का कार्य भी किया जाएगा। नवतपा के दौरान हुई हल्की बारिश के बाद किसानों ने अकरस जोताई का काम शुरू कर दिया है। खेतों में नमी आ जाने से किसान जुताई के कार्य में जुटे हैं। किसान ट्रेक्टर से खेतों की जुताई कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि धान बुआई से पूर्व खेतों की अच्छे से जुताई करना चाहिए। इससे खेतों में उगे खरपतवार नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी भुरभुरी हो जाती है, जो खरीफ सीजन में धान फसल के लिए उपयुक्त होती है। आगामी दिनों में यदि बारिश अच्छी हुई तो किसान धान की बुआई करने में जुट जाएंगे। इसके लिए सारी तैयारी कर रहे हैं। ज्यादातर किसान सोसायटी से धान एवं बीज संग्रह कर रहे हैं। इन दिनों किसान सोसायटी से नगद एवं ऋण से खाद बीज ले जा रहे हैं।

### रासायनिक खाद की जगह जैविक खाद को महत्व दे रहे किसान



मानसून के जल्द ही आगमन की उम्मीद में सभी साफ सफाई और घुरूवा खाद डालने का कार्य चल रहा है। खुर्रा जुताई द्वारा खेतों के खरपतवार को नष्ट करने का कार्य भी किसानों ने अपने हाथों में ले रखा है। मौसम को देखते हुए किसान खेत खलिहान में पड़े पशु चारे को वर्षा के पूर्व सुरक्षित करने इन दिनों पैरा रखने का कार्य भी कर रहे हैं। किसान बरसात में जानवरों को सुखा चारा उपलब्ध कराने कोठा में पैरा रखते हैं। तरह-तरह की रासायनिक खाद बाजार में होने के बावजूद गांव के किसान आज भी गोबर खाद का महत्व समझ रहे हैं जिसकी वजह से गोबर कचरे से तैयार खाद खेतों में डाल खेतों को उपजाऊ बनाने का कार्य भी जोर शोर से किया जा रहा है। उन्नत बीज और रासायनिक खाद की किल्लत से वाकिफ किसान अभी से इसका इंतजाम कर रहे हैं। जिसकी वजह से सोसाइटियों में किसानों की आवाजाही बढ़ गई है। ग्रामीण बारिश से पूर्व अपने कच्चे मकानों के छप्पर की मरम्मत में भी व्यस्त दिख रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों का खपरैल टूट फूट जाता है, जिसकी मरम्मत बारिश पूर्व करना अनिवार्य हो जाता है।



### खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान

**मैनपुर।** भीषण गर्मी नौतपा के बीच पिछले कुछ दिनों से हो रही बेमौसम बारिश के कारण मैनपुर वनांचल क्षेत्र में किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं अभी से किसान खेतों और टिकरा भूमि में हल लेकर पहुंच खेतों की जुताई और साफ -सफाई में जूट गए है ताकि आने वाले दिनों में जल्द से जल्द धान, मक्का, दलहन-तिलहन की बुआई कर सके।

## विद्यालय समायोजन के खिलाफ पालकों का विरोध

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**

बालक शाला फिंगेश्वर परिवर्तित नाम कन्या प्राथमिक शाला के बच्चों के पालकों के द्वारा युक्ति युक्त करण का विरोध करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेशवर कार्यलय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। पालकों ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ेगा साथ ही शिक्षा का स्तर कमजोर होगा। इसके आड़ में सेटअप से छेड़छाड़ करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। अतिशेष शिक्षकों को समाहित किया जाना उचित है लेकिन आवश्यकतानुसार शिक्षकों को पदस्थ अथवा शिक्षा शिक्षक और विद्यार्थियों के भविष्य को बचाने के लिए युक्तियुक्त करण द्वारा जहां आवश्यकता से अधिक शिक्षक है उन्हें अन्य पोस्ट मैचिंग सरेंडर द्वारा नियुक्त न किया जाकर इसके आड़ में मनमाने तरीके से अन्यत्र पद स्थापना किया जाना न्यायोचित नहीं है। इससे प्रभावित कन्या प्राथमिक शाला जहां बच्चे ज्यादा है फिर भी 60 बच्चे के इस स्कूल को एक शिक्षक के भरोसे छोड़ देना ये अन्याय है। इस पर विभाग न्याय संगत निर्णय करें। इस अवसर पर पार्षद डॉ. हरिश हरित के साथ पालकगण उपस्थित थे।



**कलेक्टर उईके ने हरी झंडी दिखाकर किया किसान रथ को रवाना**

# विकसित कृषि संकल्प अभियान यात्रा का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

- विकसित कृषि संकल्प अभियान जिले में 29 मई से 12 जून तक

विकसित कृषि संकल्प यात्रा का शुभारम्भ गुरुवार सुबह 8.00 बजे कलेक्टर बीएस उइके ने कलेक्ट्रेट परिसर से किया। इस दौरान उन्होंने तीन किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन रॉय, पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. ओपी तिवारी, मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक एके वशिष्ट, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. चौरसिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशानुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए 29 मई से 12 जून तक अलग-अलग विकासखण्डों में आयोजित किया जाएगा। यह रथ प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों में पहुंचकर विभिन्न विषयों पर कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद तथा परिचर्चा करेंगी। कृषक पाठशाला के माध्यम से कृषकों को मिट्टी नमूना परीक्षण, मृदा स्वास्थय कार्ड के उपयोग, धान की सीधी बुआई, फसल परिवर्तन, ड्रोन तकनीक का उपयोग प्राकृतिक, जैविक खेती योजना के बारे में फसलों की नवीन किस्में, संतुलित एवं समन्वित उर्वरक प्रबंधन, समन्वित कीट प्रबंधन, पशुओं की मौसमी बीमारियों एवं उपचार, उद्यानिकी फसलों के महत्व एवं लाभ के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी जायेगी। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन, मछलीपालन विभाग की राज्य एवं केन्द्रीय योजनाओं के बारे में जानकारी बताई जायेगी। कलेक्टर श्री उइके ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित करने के निर्देश दिए है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की सहभागिता से 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के द्वारा खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। जिसका का मुख्य उद्देश्य प्रमुख खरीफ फसलों की नवीन तकनीकों, नवाचार के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता लाना, विभिन्न कृषकोन्मुखी शासकीय योजनाओं एवं नीतियों का प्रचार-प्रसार करना, मृदा स्वास्थ्य पत्रक में अनुशंसित दर पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा कृषकों से प्राप्त सुझाव एवं समस्याओं तथा कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों के संबंध में जानकारियों का संकलन कर आवश्यक अनुसंधान प्राथमिकताओं का निर्धारण करना है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के उप संचालक कृषि को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग का किया जाएगा कार्य



अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर निर्मित किए जा सकने योग्य कृषि आदानों के जीवंत प्रदर्शन भी किया जायेगा। शिविर में ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड के प्रगतिशील कृषकों को भी उनके नवाचार के बारे में बताने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के छुटे हुए हितग्राहियों का नवीन पंजीयन, आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग कार्य भी किया जाएगा, ताकि पात्र हितग्राहियों को आगामी 20 वीं किस्त से लाभान्वित किया जा सके। जिसमें 29 मई से 12 जून 2025 तक जिले के गरियाबंद विकासखण्ड में 18 शिविर, फिंगेश्वर में 18 शिविर, छुरा में 12 शिविर मैनपुर में 18 शिविर एवं देवभोग में 12 शिविर कुल 78 शिविर का आयोजन किया जायेगा।

